## "जल जीवन मिशन फेज–II" कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति, रायबरेली की अध्यक्षता में दिनांक– 24.09.2022 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति, रायबरेली की अध्यक्षता में "जल जीवन मिशन फेज–II" कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद रायबरेली में पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 विरचन एवं क्रियान्वयन हेतु नामित मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद तथा मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिसमें निम्न अधिकारियों/फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया (मे0 आरना फाउण्डेशन के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे)–

| | | |
|---|---|---|
| 1– श्री प्रभाष कुमार | – | मुख्य विकास अधिकारी, रायबरेली। |
| 2– श्री अरूण कुमार | – | जिला विकास अधिकारी, रायबरेली। |
| 3– श्री एस रहमान | – | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली। |
| 4– श्री शैलेन्द्र | – | सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली। |
| 5– श्री अनिल मण्डाला | – | परियोजना प्रबन्धक, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, रायबरेली। |
| 6– श्री अशोक कुमार चौधरी | – | परियोजना प्रबन्धक, मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा । |
| 7– श्री नितीश कुमार | – | परियोजना प्रबन्धक, मे0 सेन्सिस टेक लिमिटेड, (टी0पी0आई0) रायबरेली। |
| 8– श्री एस0के0 दुबे | – | डिस्ट्रिक्ट को–ऑर्डिनेटर, मे0 आरवी एसोसिएट्स, रायबरेली। (डी0पी0एम0यू0) |
| 9– प्रतिनिधि | – | समस्त चयनित आई0एस0ए0, जनपद– रायबरेली। |
| 10– अनुपस्थित | – | मे0 आरना फाउण्डेशन, लखनऊ। |

**बैठक में निम्न बिन्दुओं पर वार्ता की गयी :–**

**1– भूमि उपलब्धता :–**

फर्म मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा बताया गया कि 401 ग्राम पंचायत में से 400 ग्राम पंचायतों में पेयजल निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करा ली गयी है। जिसमें तहसील सदर के विकासखण्ड हरचन्दपुर के ग्राम पंचायत सेओंठी में आबादी वाली भूमि आवंटित की गयी है जिस कारण भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। शेष 01 नग ग्राम पंचायत बैरीखोर जो कि तहसील डलमऊ के विकास खण्ड डलमऊ में है, वहां पर अपेक्षित साइज के अनुरूप भूमि उपलब्ध नहीं है। डी0पी0एम0यू0 के समन्वयक को निर्देशित किया गया कि तत्काल तहसील से कोर्डिनेट कर, भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करायें।

(93)

परियोजना प्रबन्धक, मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में आवंटित की गयी भूमि का Existing Ground Level समीप की सड़क से 05% नीचे है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के निर्देशानुसार डी0पी0आर0 में मिट्टी भराई कार्य का प्राविधान नहीं किया गया है तथा उक्त कार्य मनरेगा के माध्यम से कराया जाना है। तत्क्रम में निर्देश दिया गया कि नरेगा से समन्वय कर कार्यवाही करें तथा अगली बैठक में डी0सी0, नरेगा को भी शामिल करें।

मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा द्वारा अवगत कराया गया है कि कुल 232 ग्राम पंचायत में से 45 ग्राम पंचायतों में पेयजल निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध हो गयी है तथा अन्य शेष ग्राम पंचायतों में भूमि आवंटित कराने का कार्य प्रगति पर है, जिसे तत्काल पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा को अपनी टीम 09 से बढ़ाने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही :– मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद/ मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा /समन्वयक, डी0पी0एम0यू0)**

**2– <u>डी0पी0आर0 विरचन की स्थिति</u> :–**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे0 एन0सी0सी0 लि0 को 401 नग डी0पी0आर0 नई पेयजल योजनाओं हेतु डी0 पी0 आर0 (फेज–II) तैयार की जाती है तथा 54 नग हेतु पुनर्गठन योजनाओं की भी डी0पी0आर0 तैयार की जानी है। कुल संख्या– 401 + 54 = 455 नग है।

फेज–III हेतु मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा द्वारा 232 नग ग्राम पंचायत हेतु नई पेयजल योजनाओं हेतु डी0पी0आर0 तैयार किया जाना है।

इस संबंध में मे0 एन0सी0सी0 लि0 के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक इनके द्वारा 401 नग .. नई पेयजल योजनाओं में से 307 डी0पी0आर0 प्रस्तुत किये गये थे जिनमें से 219 डी0पी0आर0 स्वीकृत हो गये हैं तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा 88 नग डी0पी0आर0 संशोधन हेतु मे0 एन0सी0सी0 लि0 को वापस कर दिये गये थे, जो कि वर्तमान तक अप्राप्त हैं। इसके अतिरिक्त 401 नग ग्राम पंचायतों में से 94 ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 विरचन कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रस्तुत किया जाना शेष है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा समस्त डी0पी0आर0 का कार्य पूर्ण कर शासन द्वारा दी गयी डेडलाइन दिनांक– 30.09.2022 तक जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये, दिनांक– 30.09.2022 तक समस्त डी0पी0आर0 प्रस्तुत न करने की दशा में फर्म स्वयं उत्तरदायी होगी।

मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0 द्वारा अवगत कराया गया कि 232 नग ग्राम पंचायत में से 13 ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 विरचन का कार्य पूर्ण हो गया है तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रस्तुत किया जाना है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि समस्त 232 नग ग्राम पंचायत के डी0पी0आर0 विरचन का कार्य पूर्ण कर दिनांक– 15.10.2022 तक जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में फर्म स्वयं उत्तरदायी होगी।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पुनर्गठन हेतु शेष 207 ग्राम पंचायतों (सम्मिलित 384 राजस्व ग्राम) के सर्वेक्षण तथा भूमि चिन्हांकन का कार्य प्रगति पर है। कुछ ग्राम पंचायतों का सवेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शीघ्र ही डी0पी0आर0 तैयार कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रस्तुत किया जाएगा।

**(कार्यवाही :– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) / मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद / मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा)**

3– <u>टी0पी0आई0</u> :–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद स्तर पर थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन एजेन्सी के रूप में चयनित मे0 सिन्सेस टेक लि0, नागपूर द्वारा कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त है।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान टी0पी0आई0 से पूछा कि जल जीवन मिशन कार्यों में आपका क्या उत्तरदायित्व है, जिसके अनुपालन में श्री नितीश कुमार, डी0टी0एल0 (टी0पी0आई0) द्वारा अवगत कराया गया कि टी0पी0आई0 द्वारा कार्यों का पर्यवेक्षण किया जाता है तथा पर्यवेक्षण के दौरान किये गये Observations को उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को अवगत कराया जाता है तथा कार्यों में हुई त्रुटियों को सही कराया जाता है।

**(कार्यवाही :– मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद, डी0पी0एम0यू0 एवं टी0पी0आई0)**

4– <u>आई0एस0ए0</u> :–

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद रायबरेली में कार्यरत 05 इम्पीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) में 03 एजेन्सीज A कैटेगरी एवं 02 एजेन्सीज B कैटेगरी में हैं।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा पूछा गया कि आई0एस0ए0 द्वारा किसी ग्राम पंचायत में बिना कार्यक्रम कराये डी0पी0आर0 Approve कराया जा सकता है एवं उसकी Guideline क्या है। आई0एस0ए0 द्वारा कराये गये कार्यों का सत्यापन संबंधित खण्ड विकास अधिकारी या थर्ड पार्टी से करवाने हेतु क्या कार्यवाही की गयी?

**(कार्यवाही :– अधि0अभि0,उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं समस्त आई0एस0ए0)**

**5– एफ0एच0टी0सी0 :–**

जनपद रायबरेली में जल जीवन मिशन फेज-II के अन्तर्गत मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों का दिसम्बर, 2022 तक 53630 नग एफ0एच0टी0सी0 लक्षित है तथा 152 नग योजनाओं के सापेक्ष 114600 एफ0एच0टी0सी0 मार्च, 2023 तक लक्षित है। पिछले 07 दिवस की एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति 2409 है। वर्तमान में मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा प्रतिदिन लगभग 300 नग एफ0एच0टी0सी0 किये जा रहे हैं।

उपरोक्त लक्ष्यों को पूर्ण करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा आवश्यक मशीनरी एवं मैनपावर उपलब्ध कराते हुए लक्ष्य की पूर्ति तथा प्रतिदिन 500 एफ0एच0टी0सी0 पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

**6– उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) :–**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन फेज–II के कार्यों हेतु मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा बहुत ही कम संख्या में मैन पावर के साथ कार्य कराया जा रहा है जिससे ससमय कार्य पूर्ण नहीं कराया जा सकता। ससमय कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक मशीनरी/मैनपावर एवं अन्य संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु मे0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया तथा साप्ताहिक रूप से कार्यों का बार– चार्ट तैयार कर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही :– मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद)**

अन्त में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उपरोक्तानुसार दिए गए निर्देशों का ससमय अनुपालन सुनिश्चित रखते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित को निर्देशित किया गया।

(90)

**अधिशासी अभियन्ता / सदस्य, सचिव,**
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
रायबरेली।

27/09/2022
मुख्य विकास अधिकारी / उपाध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
रायबरेली।

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, रायबरेली।

**पत्रांक :** / / **दिनांक :**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2– जिलाधिकारी महोदया, रायबरेली।
3– जिला विकास अधिकारी, रायबरेली।
4– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
5– परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, रायबरेली।
6– परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजी0 प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा।
7– टीम लीडर, मेसर्स सेन्सिस टेक लिमिटेड, रायबरेली।
8– जिला समन्वयक, मे0 आरवी एसोसिएट्स, रायबरेली (डी0पी0एम0यू0)।
9– समस्त आई0एस0ए0।

**मुख्य विकास अधिकारी / उपाध्यक्ष,**
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
रायबरेली।